## उ.प्र. लोक सेवा आयोग

# खाद्य निरीक्षक परीक्षा 2014 (प्रथम पाली) : हल प्रश्नपत्र

**(Exam held on 2-11-2014)**

**1. किसेन कहा था ''मैं एक समाजवादी और गणतंत्रवादी हूँ तथा राजा एवं राजकुमारों में मेरा विश्वास नहीं है''–**
(a) जवाहर लाल नेहरु
(b) सुभाष चन्द्र बोस
(c) महात्मा गांधी
(d) सरदार वल्लभभाई पटेल
उत्तर–(a)

**2. बंगाल में प्रथम समाजवादी साप्ताहिक ''दि सोशलिस्ट'' प्रारम्भ किया था–**
(a) एस.ए. डाँगे ने
(b) मुजफ्फर अहमद ने
(c) नज़रुल इस्लाम ने
(d) गुलाम हुसैन ने
उत्तर–(a)

**3. महात्मा गांधी उस समय कहाँ थे जब एटली ने हाउस ऑफ कामन्स में सत्ता के हस्तांतरण की घोषणा की थी–**
(a) कलकत्ता में
(b) नई दिल्ली में
(c) लाहौर में
(d) नोआखाली में
उत्तर–(b)

**4. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के त्रिपुरी अधिवेशन के अध्यक्षीय भाषण अंगेजी में पढ़ा गया–**
(a) सरत चन्द्र बोस द्वारा
(b) राजेन्द्र प्रसाद द्वारा
(c) आचार्य नरेन्द्र देव द्वारा
(d) मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा
उत्तर–(a)

**5. निम्नलिखित में से मुस्लिम लीग के किस अधिवेशन में एम. ए. जिन्ना ने अभिव्यक्त किया था–**
**''एक राष्ट्र की किसी परिभाषा के अनुसार मुस्लिम एक राष्ट्र है''?**
(a) अमृतसर अधिवेशन 1919
(b) लखनऊ अधिवेशन 1937
(c) लाहौरा अधिवेशन 1940
(d) उपर्युक्त में कोई नहीं
उत्तर–(c)

**6. निम्नलिखित में से किसने तार द्वारा महात्मा गांधी को चौरी–चौरा की घटना की सूचना दी थी–**
(a) फिराक गोरखपुरी ने
(b) बाबा राघव दास ने
(c) विश्वनाथ मुखर्जी ने
(d) दशरथ प्रसाद द्विवेदी ने
उत्तर–(d)

**7. निम्नलिखित में से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के किस अधिवेशन में महात्मा गांधी चम्पारण के किसानों की समस्याओं से प्रथम बार परिचित हुए थे–**
(a) कलकत्ता अधिवेशन 1906
(b) बनारस अधिवेशन 1905
(c) लखनऊ अधिवेशन 1916
(d) बम्बई अधिवेशन 1915
उत्तर–(c)

**8. किसके आह्वान पर मुस्लिम लीग द्वारा 'मुस्लिम मुक्ति दिवस' मनाया गया था–**
(a) लियाकत अली खाँ
(b) मोहम्मद अली जिन्ना
(c) महलर–उल हम
(d) चौधरी खलक्कूज़्ज़मान
उत्तर–(b)

**9. सर्वाधिक नगरीकृत दक्षेस देश है–**
(a) बांग्लादेश
(b) भारत
(c) पाकिस्तान
(d) श्रीलंका
उत्तर–(c)

**10. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची–I (द्वीप) | सूची–II (देश) |
|---|---|
| (A) सेलीबीस | (1) न्यूजीलैण्ड |
| (B) लुजोन | (2) इण्डोनिशिया |
| (C) न्यू फाउण्डलैण्ड | (3) कनाडा |
| (D) नार्थ आइलैण्ड | (4) फिलीपीन्स |

http://www.developindiagroup.co.in/

Downloaded from : http://www.developindiagroup.co.in/

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (c) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (d) | 2 | 4 | 3 | 1 |

उत्तर–(d)

**11. विश्व का सबसे ऊँचा प्रपात है–**
(a) एंजेल
(b) बोयोम
(c) नियाग्रा
(d) टुगोला
उत्तर–(a)

**12. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म समुलित नहीं है–**
(a) बैकाल–कजाखस्तान
(b) ग्रेट बियर–कनाडा
(c) मिशिगन–संयुक्त राज्य अमरीका
(d) विक्टोरिया–तंजानिया
उत्तर–(a)

**13. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची–I (ज्वालामुखी) | सूची–II (देश) |
|---|---|
| (A) असामा | (1) इण्डोनेशिया |
| (B) क्राकाटाऊ | (2) फिलीपीन्स |
| (C) लाकी | (3) जापान |
| (D) टॉल | (4) आइसलैण्ड |

| | (A) | (B) | (C) | (D) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (b) | 3 | 2 | 4 | 1 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

उत्तर–(a)

**14. भारतीय दलहन शोध संस्थान स्थित है–**
(a) आगरा में
(b) फैजाबाद में
(c) कानपुर में
(d) झाँसी में
उत्तर–(c)

**15. उत्तर प्रदेश के निम्न जनपदों में से किस एक को अन्तर्राष्ट्रीय सीमा स्पर्श नहीं करती है–**
(a) बलरामपुर को
(b) श्रावस्ती को
(c) पीलीभीत को
(d) बस्त को
उत्तर–(d)

**16. कर्म तथा मकर दोनों रेखाएं गुजरती हैं–**
(a) एशिया से
(b) आस्ट्रेलिया से
(c) दक्षिण अमरीका से
(d) अफ्रीका से
उत्तर–(d)

**17. भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक का मुख्यालय स्थित है–**
(a) अहमदाबाद में
(b) चेन्नई में
(c) मुम्बई में
(d) लखनऊ में
उत्तर–(d)

**18. जुलाई/अगस्त 2014 में भारत इंग्लैण्ड के मध्य सम्पन्न अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टेस्ट श्रंखला में मैन ऑफ द सीरीज संयुक्त रुप से किन्हें दिया गया–**
(a) जेम्स एण्डरसन तथा जॉन रुट को
(b) जेम्स एण्डरसन तथा भुवनेश्वर कुमार को
(c) जॉन रुट तथा एलेस्टर कुक को
(d) जॉन रुट तथा एम.एस. धोनी को
उत्तर–(b)

**19. बी.के.एस. अयंगर जिनका अगस्त, 2014 में निधन हो गया निम्न से किस क्षेत्र से सम्बन्धित थे–**
(a) योग से
(b) शिक्षा से
(c) सिनेमा से
(d) खेल से
उत्तर–(a)

**20. निम्नलिखित में से किस राज्य में सितम्बर 2014 में राष्ट्रपति शासन लागू किया गया–**
(a) महाराष्ट्र में
(b) नगालैण्ड में
(c) असम में
(d) केरल में
उत्तर–(a)

**21. 2011 की जनगणना के अनुसार निम्नलिखित में से किस राज्य में विगत दशक में सबसे कम जनसंख्या वृद्धि हुई है–**
(a) मिजोरम
(b) नगालैण्ड
(c) तमिलनाडु
(d) केरल
उत्तर–(b)

**22. प्राण कुमार शर्मा जिनका हाल में अगस्त 2014 में निधन हो गया, थे एक–**
(a) क्रिकेटर

http://www.developindiagroup.co.in/

Downloaded from : http://www.developindiagroup.co.in/ 

(b) सामाजिक कार्यकर्ता
(c) पर्यावरणविद
(d) कार्टूनिस्ट
उत्तर–(d)

**23. वन लाइफ इज लॉट इनफ एन आटोबॉयोग्राफी शीर्षक से अगस्त, 2014 में प्रकाशित पुस्तक के लेखक कौन हैं–**
(a) मनमोहन सिंह
(b) नटवर सिंह
(c) सोनिया गांधी
(d) लालकृष्ण आडवाणी
उत्तर–(b)

**24. सितम्बर 2014 में जे. जयललिता के त्यागपत्र देने के पश्चात् तमिलनाडु के मुख्यमंत्री कौन बने–**
(a) जे. पेरियाकुलम
(b) वाई.एस. अरुणाचलम
(c) ओ. पन्नीरसेल्वम
(d) एस. सुब्रमण्यम
उत्तर–(c)

**25. संयुक्त राज्य अमरीका के किस नगर में मैडिसन स्क्वायर गार्डन स्थित है जहाँ भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 28 सितम्बर 2014 को अपना ऐतिहासिक भाषण दिया–**
(a) वाशिंटन में
(b) शिकागो में
(c) न्यूयॉर्क में
(d) बोस्टन में
उत्तर–(c)

**26. राजीव गांधी सद्भावना पुरस्कार 2014 प्रदान किया गया–**
(a) सुन्दर लाल बहुगुणा को
(b) अन्ना हजारे को
(c) मुज़फ्फर अली को
(d) जावेद अख्तर को
उत्तर–(c)

**27. फरवरी 2014 में सम्पन्न बर्लिन फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का गोल्डेन बेयर दिया गया–**
(a) ए रॅायल अफेयर को
(b) बारबरा को
(c) ब्लैक कोल, थिन आइस को
(d) जस्ट द विंड को
उत्तर–(c)

**28. ग्लासगो में सम्पन्न 20वें राष्ट्रमण्डल खेल 2014 में भारत ने कुल कितने पद जीते–**
(a) 70
(b) 68
(c) 67
(d) 64
उत्तर–(d)

**29. केन्द्र सरकार द्वारा अगस्त 2014 में गठित व्यय प्रबन्धन आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन हैं–**
(a) सुमित बोस
(b) बिमल जालान
(c) सुबीर गोकर्ण
(d) वाई.एस.आर. रेड्डी
उत्तर–(b)

**30. निम्नलिखित कथनों मे से कौन एक सही नहीं है–**
(a) गोबर गैस में मुख्यत: मीथेन होती है
(b) कुकिंग गैस ब्यूटेन तथा प्रोपेन का मिश्रण है
(c) कम्प्यूटरों में प्रयुक्त आई.सी.चिप्स सिलिकॉन के बने होते है
(d) नर्व गैस जो रासायनिक युद्ध में प्रयोग में लाई जाती है, क्लोरोफार्म और नाइट्रिक अम्ल की क्रिया से प्राप्त होती है
उत्तर–(d)

**31. एक आनुवंशिक अभियन्ता होता है–**
(a) आनुवंशिकी में रुचि रखने वाला
(b) आभियांत्रिकी में रुचि रखने वाला एक अनुवांशिकीविद्
(c) एक व्यक्ति जो जीन को एक जीव से दूसरे में स्थानान्तरित करता है
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
उत्तर–(c)

**32. कम्प्यूटरों में किसी शब्द की लम्बाई निम्नलिखित में से किससे मापी जाती है–**
(a) माइक्रॉन से
(b) मिलीमीटर से
(c) मीटर से
(d) बिट्स से
उत्तर–(d)

**33. स्वेदन अधिकतम होता है, जब–**
(a) वायु शुष्क हो और ताप कम हो
(b) वायु में आर्द्रता हो और ताप कम हो
(c) वायु में आर्द्रता हो और ताप उच्च हो
(d) वायु शुष्क हो और ताप उच्च हो
उत्तर–(b)

**34. बोलोमीटर मापन की एक युक्ति है–**
(a) दाब के
(b) पौधों में वृद्धि के
(c) ऊष्मीय विकिरण के
(d) वायु की गति के
उत्तर–(c)

**35. मानव बाँझपन का मुख्य कारण है–**
(a) वसा की कमी
(b) प्रोटीन की कमी
(c) फोलिक एसिड की कमी
(d) विटामिन ई की कमी
उत्तर–(c)

http://www.developindiagroup.co.in/

Downloaded from : http://www.developindiagroup.co.in/

**36. निम्नलिखित में से कौन विटामिन जल में विलेय (घुलनशील) है–**
(a) विटामिन ए
(b) विटाामिन डी
(c) विटामिन सी
(d) विटामिन ई
उत्तर–(c)

**37. गॉसामीर रेशम उत्पादित होता है–**
(a) रेशम कीट से
(b) मकड़ी से
(c) टसर पतंगे से
(d) बिच्छू से
उत्तर–(b)

**38. निम्नलिखित में से किस में भोजन का भण्डारण मूसला जड़ों में नहीं होता–**
(a) गाजर
(b) शकरकंट
(c) चुकन्दर
(d) शलज़म
उत्तर–(b)

**39. जैविक आतंकवाद के लिए निम्नलिखित में से किस गैस का उपयोग किया जाता है–**
(a) मीथेन
(b) क्रिप्टॉन
(c) जीनॉन
(d) मस्टर्ड
उत्तर–(d)

**40. निम्नलिखित में से किसे आर.डी.एक्स. कहा जाता है**
(a) साइक्लोट्राईमिथाइलीन ट्राईनाइट्रामीन
(b) ट्राई–नाइट्रोटॉलुईन
(c) ट्राई–नाइट्रोफिनॉल
(d) ट्राई–नाइट्रोग्लिसरीन
उत्तर–(a)

**41. निम्नलिखित में से कौन एक दमदम ज्वर को संदर्भित करता है–**
(a) परागज ज्वर
(b) काला आजार
(c) पीत ज्वर
(d) लोहित ज्वर
उत्तर–(b)

**42. निम्नलिखित में से कौन एक निम्नीकरण (डिग्रेडेबल) प्रदूषक है–**
(a) पारद
(b) लेख धातुएं
(c) घरेलु वाहित मल
(d) इस्पात
उत्तर–(c)

**43. राष्ट्रीय विकास परिषद का अध्यक्ष कौन होता है–**
(a) राष्ट्रपति
(b) प्रधानमंत्री
(c) गृहमंत्री
(d) वित्त मंत्री
उत्तर–(b)

**44. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 267 के अंतर्गत अग्रलिखित में से किस एक की व्यवस्था की गई है–**
(a) संचित निधि
(b) आकस्मिकता निधि
(c) व्यय निधि
(d) राष्ट्रपति की निधि
उत्तर–(b)

**45. निम्नलिखित में से किस एक का भारतीय संविधान की प्रस्तावना में उल्लेख नहीं है–**
(a) संप्रभु
(b) सामाजवादी
(c) गणतंत्र
(d) संघात्मक
उत्तर–(d)

**46. निम्नांकित में से संविधान के किस अनुच्छेद के अंतर्गत भारत के राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रीय आपात की घोषणा की जा सकती है–**
(a) अनुच्छेद 352
(b) अनुच्छेद 356
(c) अनुच्छेद 358
(d) अनुच्छेद 360
उत्तर–(a)

**47. निम्नलिखित में से किस शासन काल में भारत में रोलिंग प्लान आरम्भ किया गया था–**
(a) कांग्रेस शासन में
(b) एन.डी.ए. शासन में
(c) जनता पार्टी शासन में
(d) यू.पी.ए. शासन में
उत्तर–(c)

**48. 2010–11 में भारत पाकिस्तान के मध्य व्यापार का आधिकारिक अनुपुमान था–**
(a) 300 करोड़ डॉलर
(b) 360 करोड़ डॉलर
(c) 260 करोड़ डॉलर
(d) 200 करोड़ डॉलर
उत्तर–(c)

http://www.developindiagroup.co.in/

Downloaded from : http://www.developindiagroup.co.in/ 

**49. 3 मार्च 2009 को एक डॉलर की रुपए के रुप में दर्ज की गई न्यूनतम विनिमय दर थी–**

(a) $1=रू0 52.18

(b) $1=रू0 52.30

(c) $1=रू0 51.73

(d) $1=रू0 52.73

उत्तर–(c)

**50. निम्नलिखित में कौन समूह इब्सा (IBSA) का सही रुप में हिस्सा है–**

(a) इंडोनिशिया तथा ब्राजील

(b) भारत तथा ब्रुनेई

(c) ब्राजील तथा दक्षिण अफ्रीका

(d) ब्राजील तथा सिंगापुर

उत्तर–(c)

**51. निम्नलिखित फसलों में से किसके लिए सन् 2007–08 में चालू किया गया राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, लागू नहीं होता है–**

(a) चावल

(b) दालें

(c) गेहूँ

(d) तिलहन

उत्तर–(d)

**52. निम्नलिखित में कौन एक भारत में जोतो के उपविभाजन एवं अपखण्डन का कारण है–**

(a) उत्तराधिकार के नियम

(b) जनसंख्या का दबाव

(c) संयुक्त परिवार प्रणाली

(d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

**53. निम्नलिखित में कौन एक सहकारी संगठन नहीं है–**

(a) प्राथमिक (प्राइमरी) भूमि विकास बैंक

(b) केन्द्रीय भूमि विकास बैंक

(c) राज्य सहकारी बैंक

(d) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

उत्तर–(d)

**54. निम्नलिखित में से किस देश में पहली बार उच्च उन्नत किस्म का बीच विकसित किया गया था–**

(a) मेक्सिकों में

(b) अर्जेन्टीना में

(c) स्वीडन में

(d) भारत में

उत्तर–(a)

**55. निम्नलिखित में से किस पंचवर्षीय योजना में तीव्रतर तथा अधिक समावेशी विकास का दृष्टिकोण रखा गया था–**

(a) तृतीय पंचवर्षीय योजना में

(b) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना में

(c) नवीं पंचवर्षीय योजना में

(d) ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना में

उत्तर–(d)

**56. तृतीय आंग्ल मराठा युद्ध जुड़ा है–**

(a) सर जॉन शोर से

(b) लॉर्ड हेस्टिंग्स से

(c) लॉर्ड वेलेज्ली से

(d) लॉर्ड कार्नवालिस से

उत्तर–(b)

**57. निम्नलिखित विदेशी यात्रियों में से किसे मानसबदार बनाकर फिरंगी खाँ की उपाधि प्रदान की गई थी–**

(a) हॉकिन्स

(b) मिल्डनहॉल

(c) फिन्च

(d) फिच

उत्तर–(a)

**58. निम्नलिखित में किसे भारत के देशी राज्यों के सम्बन्ध में अहस्तक्षेप नीति के लिए रेखांकित किया जाता है–**

(a) सर जॉन शोर

(b) लॉर्ड कार्नवालिस

(c) लॉर्ड वेलेज्ली

(d) लॉर्ड विलियम कैवेन्डिस बैंटिंक

उत्तर–(a)

**59. अवध राज्य का ब्रिटिश साम्राज्य में विलय हुआ–**

(a) 1856 ई. में

(b) 1855 ई. में

(c) 1854 ई. में

(d) 1853 ई. में

उत्तर–(a)

**60. टीपू सुल्तान लड़ते हुए दिवंगत हुआ था–**

(a) प्रथम आंग्ल मैसूर युद्ध में

(b) द्वितीय आंग्ल मैसूर युद्ध में

(c) तृतीय आंग्ल मैसूर युद्ध में

(d) चतुर्थ आंग्ल मैसूर युद्ध में

उत्तर–(d)

**61. अजन्ता में कुल कितनी गुफाएं हैं–**

(a) उनतीस

(b) तीस

(c) तैंतीस

(d) छत्तीस

उत्तर–(b)

**62. आर्य समाज की स्थापना की गई –**

(a) राजा राम मोहन राय द्वारा

(b) दयानन्द सरस्वती द्वारा

http://www.developindiagroup.co.in/

Downloaded from : http://www.developindiagroup.co.in/

(c) एम.जी. रानाडे द्वारा
(d) ईश्वर चन्द्र विद्यासागर द्वारा

उत्तर–(b)

**63. मुगल काल में करोड़ी कौन थे–**

(a) व्यापारी
(b) बैकर्स (ऋणदाता)
(c) भूराजस्व अधिकारी
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(c)

**64. सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए–**

| सूची–I (शासक) | | सूची–II (देश) |
|---|---|---|
| (a) ऐबक | (1) | किलोखड़ी |
| (b) इल्तुतमिश | (2) | सीरीदुर्ग |
| (c) बलबन | (3) | अढ़ाई दिन का झोपड़ा |
| (d) अलाउद्दीन खिलजी | (4) | सुल्तानगढ़ी |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (B) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (C) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (D) | 1 | 2 | 3 | 4 |

उत्तर–(a)

**65. किस मध्यकालीन शासक ने उद्घोषित किया था कि राजत्व ही बन्धुत्व है तथा बधुत्व ही राजत्व है–**

(a) नसीरुद्दीन महमूद
(b) खुसरों शाह
(c) फिरोज शाह तुगलक
(d) बहलोल लोदी

उत्तर–(d)

**66. दिल्ली के किस सुल्तान ने खलीफा उल्लाह की बिरुद धारण किया था–**

(a) बलबन
(b) अलाउद्दीन खिलजी
(c) कुतुबुद्दीन मुबारक खिलजी
(d) मोहम्मद बिन तुगलक

उत्तर–(c)

**67. सती प्रथा का प्रथम अभिलेखीय संदर्भ प्राप्त हुआ है–**

(a) मन्दसौर से
(b) जूनागढ़ से
(c) एरण से
(d) साँची से

उत्तर–(c)

**68. कुमारगुप्त–I के मन्दसौर अभिलेख में निम्नलिखित में से किस श्रेणी का उल्लेख है–**

(a) रेशम बुनकरों का
(b) दन्तकारों का
(c) मालाकारों का
(d) तैलियों का

उत्तर–(a)

**69. प्रतिहार अभिलेखों में सन्दर्भित सिक्कों का नाम बताइए–**

(a) शतमान
(b) निष्क
(c) दीनार
(d) द्रम्म

उत्तर–(d)

**70. किस मुगल बादशाह का मक़बरा रावी नदी के तट पर निर्मित है–**

(a) बाबर
(b) हुमायूँ
(c) जहाँगीर
(d) शाहजहाँ

उत्तर–(c)

**71. निम्नलिखित घटनाओं को पढ़िए–**

(1) लखनऊ समझौता
(2) चम्पारण सत्याग्रह
(3) खिलाफत आन्दोलन
(4) जलियाँवाला बाग हत्याकांड

नीचे दिए गए कूट से घटनाओं का सही कालानुक्रम चुनिए–

a) 1,2,4,3
(b) 1,2,3,4
(c) 4,3,2,1
(d) 1,3,2,4

उत्तर–(a)

**72. निम्नलिखित में से कौन सही सुमेलित है–**

(a) दुर्गादास–इंडिया फ्रॉम कर्जन टू नेहरु एण्ड आफ्टर
(b) लारी कॉलिन्स एण्ड डोमिनिक लापीयरे–इंडिया डिवाइडेड
(c) राजेन्द्र प्रसाद–डिस्कवारी आफ इण्डिया
(d) मौलाना अबुल कलाम आजाद–फ्रीडम एट मिडनाइट

उत्तर–(a)

**73. निम्नलिखित में से कौन महात्मा गांधी का जीवनीकार है–**

(a) बी. आर. नन्दा
(b) एस. गोपाल
(c) दुर्गादास
(d) फ्रैंक मोरेस

उत्तर–(a)

**74. निम्नलिखित घटनाओं को पढ़िए–**

(1) चन्द्रशेखर आजाद की शहादत
(2) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का कराची अधिवेशन 1931
(3) भगत सिंह की फाँसी

http://www.developindiagroup.co.in/

Downloaded from : http://www.developindiagroup.co.in/

(4) गांधी इर्विन समझौता

नीचे दिए गए कूट से घटनाओं का सही कालानुक्रम चुनिए–

a) 1,4,3,2

(b) 1,2,3,4

(c) 4,3,2,1

(d) 1,3,2,4

उत्तर–(a)

**75. भारत छोड़ो आन्दोलन के विषय में निम्नलिखित में से कौन कथन असत्य है–**

(a) इसे अगस्त क्रांति के नाम से भी जाना जाता है

(b) इसमें अरुणा आसफ अली की असाधारण भूमिका थी

(c) जवाहर लाल नेहरु को इस आंदोलन के दौरान अहमदनगर फोर्ट जेल में बन्दी बनाकर रखा गया था

(d) इसमें ऐनी बेसेण्ट की जानदार भूमिका सराहनीय थी

उत्तर–(d)

● ● ●

http://www.developindiagroup.co.in/

Downloaded from : http://www.developindiagroup.co.in/